हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 12 मई 2026

06 पुलिस ने किया लुटेरी दुल्हन का खेल खत्म, राजगढ़...



09 सीईओ व एसडीएम को टीम बनाकर जांच कर...





## खबर संक्षेप

### विभिन्न मांगों को लेकर अतिथि शिक्षक संघ ने सौपा ज्ञापन

**नलखेड़ा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अतिथि शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौपा गया। सोमवार को अतिथि शिक्षक संघ के आव्हान पर अतिथि शिक्षक संघ जिला आगर मालवा द्वारा नवीन पंजीयन के विरोध में और कार्यानुभव के आधार पर 10 अंक प्रति वर्ष स्कोरकार्ड में जोड़ें जाने एवं अतिथि शिक्षक का कार्य काल 12 माह किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौपा गया।

### सीहोर बाइज ने सीहोर गर्ल्स को 3-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर आगामी दिनों पर होने वाली जिला स्तरीय बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। वहीं रविवार की शाम को हुए मैच में सीहोर बाइज ने सीहोर गर्ल्स को 3-0 से हराया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की ओर से युवराज ने तीन गोल किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च मैदान पर 85 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में रविवार की शाम को सीहोर बाइज की टीम ने जीत हासिल की। वहीं शिविर के दौरान यहां पर आगामी दिनों में होने वाली बेबी लीग प्रतियोगिता की सफलता के लिए समिति का गठन किया गया है।

### सीहोर में रोजगार मेला 12 को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 12 मई को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित महिला आईटीआई संस्थान में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## आस्था स्थल के आसपास असामाजिक तत्वों से रहता है सुरक्षा का खतरा

# मां बगलामुखी मंदिर पर आवश्यक हुई पुलिस चौकी, वर्षों से की जा रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर आए दिन होने वाले विवाद व अन्य घटनाओं के मद्देनजर एक पुलिस चौकी का होना आवश्यक हो गया है। यहाँ पुलिस चौकी की मांग वर्षो से की जा रही है लेकिन आज तक इस संबंध में कोई निर्णय नही लिया गया है। नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर प्रतिवर्ष एक करोड़ से अधिक दर्शनार्थी पहुंच रहे है। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने पर यहाँ कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम भी उसी अनुसार आवश्यक हो गए है। इतनी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने पर आए दिन छोटे मोटे विवाद भी होते रहते है, बाइक चोरी, चेन स्नेचिंग, मोबाइल चोरी जैसे अपराध भी आये दिन होते रहते है। इसके अतिरिक्त वाहन पार्किंग पर भी विवाद हो रहे है। ऐसे में कानून व्यवस्था को बनाये रखने व अपराधियो में ख़ौफ़ रहे इसके लिए सिद्धपीठ पर एक पुलिस चौकी की अनिवार्यता हो गई है। दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुवे पूर्व में जहाँ शनिवार, रविवार को ही पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाती थी लेकिन अब भक्तों की बढती संख्या को देखते हुवे प्रतिदिन लगाना आवश्यक हो गया है। ऐसे में जब मंदिर पर एक पुलिस चौकी रहेगी और वहाँ पुलिस बल रहेगा तो थाने के बल की ड्यूटी की आवश्यकता नही के बराबर रहेगी।

### प्रतिदिन पहुंचते है वीआईपी

इसके साथ ही लगभग प्रतिदिन सिद्धपीठ पर वीआईपी पहुंचते है जिनकी व्यवस्था के लिए थाने का पुलिस बल घंटो लगा रहता है। यदि सिद्धपीठ पर ही पुलिस चौकी रहेगी तो वहाँ पदस्थ पुलिस बल व्यवस्थाओं में स्वतः ही लगा रहेगा। ऐसे में थाने के बल को अन्य कार्यो के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा।

विगत कई वर्षों से वरिष्ठ अधिकारी सिद्धपीठ पर पुलिस चौकी के लिए स्थान नही होने को इसकी स्थापना नही हो पाने का सबसे बड़े कारण बताते आ रहे थे लेकिन अब मंदिर के आसपास की विवादित भूमि का न्यायालयीन निर्णय भी शासन के पक्ष में आ चुका है जिससे पुलिस चौकी की स्थापना के लिए स्थान की भी कोई समस्या नही रही है।

### वर्षो से की जा रही है मांग

मां बगलामुखी भक्त मंडल के मनीष नारेलिया, रचित खंडेलवाल आदि ने बताया कि भक्तों द्वारा सिद्धपीठ पर पुलिस चौकी की स्थापना किये जाने की मांग वर्षो से की जा रही है लेकिन यह आज तक पूर्ण नही हुई है। वर्तमान में सिद्धपीठ पर बढती दर्शनार्थियों की संख्या एवं सिहंस्थ 2028 के दृष्टिगत शासन को तत्काल माँ बगलामुखी मंदिर पर एक पुलिस चौकी की स्थापना की जाना चाहिए।

### नए कप्तान से उम्मीद

गत दिनों आगर जिले की पुलिस को नए कप्तान मिले है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने वाले दिलीप कुमार सोनी वर्षो से माँ बगलामुखी के दरबार मे एक भक्त के रूप में आते रहे है ऐसे में उनसे भक्तों को उम्मीद है कि सिद्धपीठ पर पुलिस चौकी की स्थापना के लिए सकारात्मक निर्णय लेंगे।

## सपरिवार विशेष हवन अनुष्ठान किया

# भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद पहुंचे मां के दरबार में



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी सपरिवार विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दरबार में पहुंचे। रविवार शाम भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी सपरिवार माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। श्री सोलंकी माता रानी की संध्याकालीन आरती में भी शामिल हुवे। दर्शन पूजन उपरांत श्री सोलंकी सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरी जी महाराज (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत श्री सोलंकी ने मंदिर परिसर में सपरिवार विशेष हवन अनुष्ठान किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री सोलंकी का भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, मंडल महामंत्री द्वय बिरमलाल मालवीय व शिवम नागर, पार्षद गोवर्धन वेदिया, भाजपा नेता अमित तांतेड़, मनोज गायरी, हेमन्त जायसवाल, अनुज ठाकुर सहित कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

## मां बगलामुखी मंदिर पर किया तीन सौ किलो का तीस फीट ऊंचा त्रिशूल स्थापित



**नलखेड़ा।** नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के बाहर सोमवार को 300 किलोग्राम वजनी व 30 फीट ऊंचा त्रिशूल स्थापित किया गया। सोमवार को संत श्री सीताराम बाबा जी के सानिध्य में बैतूल जिले के निवासी विवेक सोनी के सहयोग से उनके भक्तों द्वारा नगर के संत समाज की प्रेरणा से माँ बगलामुखी मंदिर के बाहर एक 300 किलो वजनी एवं 30 फीट ऊंचे त्रिशूल का मंदिर के मुख्य पुजारी गोपालदास पंडा द्वारा पूजन कर स्थापित किया गया। ढोल ढमाकों व आतिशबाजी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ त्रिशूल की स्थापना की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, जिला मंत्री पवन वेदिया,अमित तांतेड़, मनोज गायरी,नितिन जाधव सहित कई भक्त उपस्थित थे। त्रिशूल स्थापना के पूर्व इस त्रिशूल को शिवाजी चौराहे से चल समारोह के साथ माँ बगलामुखी मंदिर लाया गया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई।

## भगवान के बाद दूसरा स्थान मां का माना जाताः संत

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में हर साल की तरह इस साल भी श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में शहर के कोलीपुरा स्थित सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज का स्वागत आश्रम के संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी और मनोज दीक्षित मामा आदि ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि दुनिया में भगवान के बाद दूसरा स्थान मां का माना जाता है, लेकिन मां से भी बड़ा काम करते हैं महात्मा। महात्मा ही मां और परमात्मा के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। संत माधव दास महाराज ने कहाकि जीवन में तीन व्यक्तियों का महत्व होता है- मां महात्मा और परमात्मा। मॉ वह जो हमे संस्कार देती है, जैसा बीज बोएंगे वैसा ही फल पाएंगे धर्म का बीज रोपण किया है तो संस्कार रूपी फसल लहलहरायेगी। महात्मा वह है जो हमे सदमार्ग पर बढने की प्रेरणा देते है और परमात्मा की भक्ति करने से कर्मो का क्षय होकर पूण्य का संचय होता है व्यक्ति जन्म से नही कर्म से महान बनता है। मानव चरित्र की आराधना करके मोक्ष मार्ग की और जा सकता है। धर्म की निन्दा करने वाला नरक गति में जाता है।

# नलखेड़ा रोड पर रोज बनती है जाम की स्थिति

### बार-बार जाम से राहगीर और रहवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





नगर के मध्य से विश्व प्रसिद्ध मंदिर मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा जाने का मुख्य मार्ग नगर के बीच से निकला है जिस पर यातायात दबाव दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है।उक्त मार्ग मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा शाजापुर से नलखेड़ा तक टू लाइन बनाया गया है मार्ग टू लाइन होने से इस मार्ग पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया जिसमें कानड़ नगर के मध्य से निकले मार्ग पर नेताजी सुभाष स्कूल के यहां से राजवाड़ा मोहल्ले तक मार्ग इतना सकरा है कि दो बड़े वाहनो तो दूर दो छोटी-छोटी गाड़ियां भी एक साथ नहीं निकल सकती है। बोरखेड़ी जोड़ के यहां दो घुमावदार मोड़ है उसे पर बड़ी गाड़िया, ट्राले,कंटेनर आदि घूम नहीं पाते हैं इस कारण आए दिन जाम लग जाता है जिसके चलते कई बार जाम लगने से विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है साथ ही जाम से राहगीर और रहवासी सभी को परेशानी उठाना पड़ रही है। कई बार तो हालत ये होजाती है कि बड़े वाहन चालक की गाड़ियां आसपास बने मकानों से टकरा जाती है इससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है जाम कुछ देर के लिए नहीं बल्कि घंटो जाम में गाड़ियां फंसी रहती है जिसके कारण गाड़ीयो में सवार यात्री तो परेशान होते ही है साथ ही आसपास के रहवासी भी परेशानी का सामना करते हैं ।ऐसी ही स्थिति रविवार को बरखेड़ी जोड़ पर देखने को मिली जहां तकरीबन दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा।

### देश भर से आते है मां बगलामुखी के दर्शन करने श्रद्धालु

नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर में बढ़ती भक्तों की आस्था और आने वाले दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या से नलखेड़ा रोड पर यातायात दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है।सारंगपुर दरवाजा बोरखेड़ी रोड़ तक सड़क सकरी होने व साथ ही दो मोड होने की वजह से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिससे निजात पाने के लिए निवासियों ने उक्त मार्ग को बाईपास से निकलने की मांग की है ।

रविवार को दोपहर में यह आलम था कि बोरखेड़ी जोड़ से नेताजी स्कूल तक वाहनों की लंबी कतारे और राजवाड़ा चौराहा से बोरखेड़ी जोड़ तक वाहनों की लंबी कतारे लगी हुई थी। बरखेड़ी जोड़ पर एक ट्राले और बस के आमने सामने आ जाने की वजह से 2 घंटे तक जाम लगा रहा और पूरी तरह मार्ग बंद रहा और जाम की स्थिति इस तरह निर्मित हुई की पैदल चलने वाले भी उक्त मार्ग पार नहीं कर पा रहे थे स्थिति को देख स्थानीय लोगों ने व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों को सही कतार में ला कर तथा कुछ वाहन चालकों को समझाते हुए पिछे वाहन ले कर 2 घंटे घंटे में जैसे तैसे मार्ग चालू करवाया गया तब जाकर रहवासियों ने चैन की सांस ली।नलखेड़ा की ओर जाने के लिए नगर से निकलने वाला एकमात्र रास्ता है लेकिन इस मार्ग पर आए दिन जाम कि स्थिति बनी रहती है

## 22 और 23 को आयोजित होगा जिला स्तरीय प्रशिक्षण

# भाजपा सीहोर की मासिक जिला बैठक संपन्न प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों पर किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय संगठन के निर्देशानुसार भाजपा संगठन की राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मासिक बैठकों के आयोजन के क्रम में भाजपा सीहोर की मासिक जिला बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 एवं 23 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का शुभारंभ भाजपा संगठन के संभाग प्रभारी एवं नागदा विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा तथा संगठन जिला प्रभारी विकास विरानी द्वारा भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बैठक में स्वागत भाषण देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने जिले की संगठनात्मक संरचना एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। वहीं संगठन जिला प्रभारी विकास विरानी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने दायित्वों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से कहा कि प्रदेश संगठन से प्राप्त होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम का सुनियोजित कार्ययोजना के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिला कार्यालय का निर्माण भी प्रदेश द्वारा तय समय-सीमा में सुनिश्चित हो हमें सभी को मिलकर इसके लिए विशेष प्रयास करना है। संगठन में प्रत्येक पदाधिकारी को उनकी योग्यता अनुसार कार्य सौंपा जाना चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह निर्धारित समय-सीमा में अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मासिक बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि 22 एवं 23 मई को सीहोर में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा, जिसमें रात्रि विश्राम भी शामिल रहेगा। डॉ. चौहान ने प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व निर्मित टोली की बैठक आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न व्यवस्थाओं के अनुसार अलग-अलग कार्यकर्ता टोली बनाई जाए तथा उनके बीच कार्य विभाजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

उन्होंने मंडल प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने प्रभार वाले मंडलों में नियमित प्रवास करें तथा मंडल से लेकर शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय बनाए रखें। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई 35 बीघा गौचर भूमि करवाई अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राजस्व विभाग के दल द्वारा सोमवार को बड़ी कार्यवाही करते हुवे तहसील के डोकरपुरा पटवारी हल्की की लगभग 35 बीघा बेशकीमती गौचर भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवाई गई।

इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर गौसेवा समिति द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। अतिक्रमण मुक्त गौचर भूमि को नगर पंचायत द्वारा संचालित शासकीय कृष्ण सुदामा गौशाला के सुपुर्द की गई। सोमवार को नायब तहसीलदार रामगोपाल शर्मा डोकरपुरा पटवारी मुकेशसिंह चौहान नलखेड़ा कस्बा पटवारी रामपाल सिंह तोमर आदि राजस्व दल द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में 05 मई को तहसीलदार द्वार जारी आदेश के पालन में नगर के डोकरपुरा पटवारी हल्के की शासकीय गौचर भूमि सर्वे क्रमांक 681 व 754 से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई जेसीबी मशीन के माध्यम से लगभग 35 बीघा शासकीय गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुक्त करवाई गई गौचर भूमि को नगर पंचायत द्वारा संचालित शासकीय कृष्ण सुदामा गोशाला समिति के अध्यक्ष को सुपुर्द की गई।

गौरतलब है कि कृषि उपज मंडी रोड़ पर स्थित बेशकीमती उक्त गौचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की मांग गौसेवा समिति द्वारा लंबे समय से की जा रही थी।

# नवनिर्मित मंदिर में हुई देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भेंसाखेड़ी के नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग, माता चामुंडा व रामभक्त हनुमानजी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शुभावसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने हर हर महादेव व जय श्रीराम का जय घोष कर भगवान के प्रति आस्था प्रकट की। पूर्णाहुति महा आरती के अवसर पर संतजनों ने अपने आशिर्वाद वचन दिए। भंडारा कार्यक्रम में आसपास के सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कीर्तन मंडली के सदस्यों ने भजन कीर्तन कर खुशिया मनाई और पुष्प वर्षा कर उपस्थित ब्राम्हण व संतजनो का स्वागत किया। आयोजित श्रीराम महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को यज्ञ स्थल पर यज्ञ संचालक संतश्री गोपालाजी और मार्गदर्शक पंडित मांगीलाल व्यास, आचार्य पंडित राजेश व्यास, कथा वाचक महेंद्र कृष्णशास्त्री रामबाबू पुजारी की उपस्थित में विप्रजनों के द्वारा वैदमंत्र उच्चारित कर देव प्रतिमाऐं विराजित की गई। श्रद्धालुजनों ने श्रीराम कथा का श्रवण किया और भंडारे में प्रसादी ग्रहण कर देव प्रतिमाओं की परिक्रमा कर धर्म दर्शन लाभ प्राप्त किया।

**खबर संक्षेप**

## सांवरिया सेठ मंदिर भंडारे में ग्रहण की प्रसादी

**देवास।** ईटावा देवास स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में मंदिर निर्माण के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे एवं धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान सॉवलिया सेठ के दर्शन किए तथा महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा और "सॉवलिया सेठ की जय" के जयकारों से ईटावा गूंज उठा। मंदिर के मुख्य पुजारी महेंद्र नाथ, मंदिर अध्यक्ष लखन डांगी एवं पंडित राकेश द्विवेदी (लाला) ने बताया कि मंदिर निर्माण के तीन वर्ष पूर्ण होने पर यह भव्य धार्मिक आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम के अंतर्गत भक्तों ने सेठ जी के दर्शन कर महाआरती में भाग लिया, ज्योत अर्पित की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विशाल भंडारे में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट एवं रोशनी से सजाया गया था, जिससे वातावरण और अधिक दिव्य प्रतीत हो रहा था। धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन एवं आरती ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सफल आयोजन पर समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### शादी के अगले दिन दुल्हन फरार, लाखों लेकर रफूचक्कर हुई शादी गैंग

# पुलिस ने किया लुटेरी दुल्हन का खेल खत्म, राजगढ़-इंदौर से दबोचे 6 शातिर

### शादी कराने का झांसा देकर परिवार से ऐंठे 2 लाख रुपये, 1 लाख 18 हजार किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में शादी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले कथित "लुटेरी दुल्हन" गिरोह का नाहर दरवाजा पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक की शादी कराने का झांसा देकर परिवार से 2 लाख रुपये ऐंठे और शादी के अगले ही दिन दुल्हन फरार हो गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 18 हजार 500 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना नाहर दरवाजा में फरियादी जानकी लाल पुवाडिया निवासी देवास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पुत्र अमन की शादी नहीं हो रही थी। इसी दौरान अतरसिंह नामक व्यक्ति ने शादी कराने का भरोसा दिलाया और करीब 2 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। इसके बाद फरियादी को राजगढ़ जिले के जीरापुर ले जाकर सीमा यादव और उसकी कथित मौसी गीताबाई से मिलवाया गया। रिश्ता तय होने के बाद 6 मई 2026 को सीमा यादव को देवास लाकर लिखापढ़ी कर अमन से शादी करवाई गई। शादी के एवज में आरोपियों ने फरियादी से 2 लाख रुपये नकद ले लिए, लेकिन अगले ही दिन रात में दुल्हन सीमा घर से फरार हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। मामले में थाना नाहर दरवाजा पुलिस ने अपराध क्रमांक 121/26 के तहत धारा 318(4), 61(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आलोक सोनी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर राजगढ़ और इंदौर से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में सीमाबाई, गीताबाई, अतरसिंह लोधी, कमल मालवीय, फारूक मंसुरी और कमल उर्फ दिलीप गुर्जर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,18,500 रुपये नकद जब्त किए हैं तथा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

#### सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी आलोक सोनी, उपनिरीक्षक गणेशलाल जटिया, उपनिरीक्षक राकेश बौंरासी, सहायक उपनिरीक्षक कमल झोडिया, प्रधान आरक्षक नितेश द्विवेदी, यशवंत, भगवान, वासुदेव, महिला प्रधान आरक्षक अनिता, आरक्षक नवदीप, विकास, देविका, कशक, खुशबू तथा साइबर सेल प्रभारी शिवप्रताप सिंह सेंगर एवं प्रधान आरक्षक सचिन चौहान की विशेष भूमिका रही।

## धुआं छोड़ते वाहनों पर परिवहन विभाग का शिकंजा, 21 गाड़ियों से वसूले 1.05 लाख

**बिना पीयूसी दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में प्रदूषण फैलाने और नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग ने देवास के इंडस्ट्रियल एरिया में विशेष जांच अभियान चलाया, जहां बिना वैध पीयूसी प्रमाण-पत्र और जरूरी दस्तावेजों के चल रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई।

जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में हुई इस आकस्मिक जांच के दौरान मालवाहक वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा और पीयूसी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान करीब 74 वाहनों की जांच हुई, जिनमें 21 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इन वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए विभाग ने 1 लाख 05 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला।जांच के दौरान वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि आगे से बिना वैध दस्तावेज और पीयूसी प्रमाण-पत्र के कोई भी वाहन चालक वाहन सड़क पर न उतारें। साथ ही ओवरलोडिंग और ओवर स्पीडिंग से बचने की चेतावनी भी दी गई। परिवहन विभाग ने साफ कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ न सिर्फ चालानी कार्रवाई होगी बल्कि चालक लाइसेंस निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर जिले में इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## एल्डरमैन और ब्लॉक अध्यक्ष का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




नगर विकास के लिए राजनीतिक सुचिता और आपसी समन्वय को जरूरी बताते हुए पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुनेरा ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामूहिक भावना से कार्य करने पर ही नगर का वास्तविक विकास संभव है। वे जलेश्वर महादेव समिति के तत्वावधान में संयोजक कासम अली द्वारा उनके निज निवास पर आयोजित नवनियुक्त नगर पंचायत एल्डरमैन एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट प्रवीण चौधरी ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट सूर्य प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।समारोह में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नवनियुक्त एल्डरमैन बंसीधर सिसोदिया, उमेश मंडलोई, मोहन सिकरवार और अनुराग गुप्ता सहित नव नियुक्त कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्जर का शाल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों ने नगर और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीतिक मतभेद भुलाकर एकजुटता से कार्य करने का संकल्प लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जलेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति, अली परिवार द्वारा आयोजित समारोह की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द और विकास की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।इस अवसर पर भाजपा नेता कैलाश गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, पार्षद मिंटू गुर्जर, हरेंद्र सिंह सेंधव, विष्णु गुप्ता, असगर अली, आसिफ अली और शानू खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वारिस अली ने किया, जबकि आभार शिक्षक पं. राकेश नागौरी ने माना।

## कलेक्टर ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय रहते पहचान और झोलाछाप डॉक्टरों पर एफआईआर के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं के एएनसी (एंटी नेटल चेकअप) पंजीयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिले में विशेष अभियान चलाकर प्रथम तिमाही में ही गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार मॉनिटरिंग की जाए ताकि कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से वंचित न रहे।बैठक में झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने एसडीएम और खंड चिकित्सा अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर कन्नौद और खातेगांव क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने तथा एफआईआर दर्ज कराने को कहा। साथ ही जिले के सभी नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू और झोलाछाप डॉक्टरों की जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, सीएमएचओ सरोजिनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन आरपी परमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नव नियुक्त पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का जगह-जगह किया भव्य स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर के भोपाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जाते समय उज्जैन से भोपाल तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भोपाल रवाना होने से पूर्व ठाकुर ने भौरासा फाटे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात काकड़दा फाटे पर कुंवर कृपाल सिंह बैस मित्र मंडल एवं किसान मोर्चा उपाध्यक्ष ग्राम पिपलिया खुर्द के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, भारत सिंह बैस, राकेश सिंह बैस, जीवन सिंह राजपूत, कैलाश सिंह गोड, ईश्वर सिंह गोड, जय सिंह राणा नगर परिषद उपाध्यक्ष भौरासा, राजेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. रूप सिंह नागर, मुकेश कुमावत एल्डरमैन, सुमेर सिंह नागर सरपंच, यशवंत सिंह राजपूत, अश्विन जायसवाल, देवी सिंह गुर्जर, कमल सिंह गुर्जर, पप्पू सिंह राजपूत, कैलाश यादव खोखरिया, कमल पटेल, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह चंदेल, नकुल अग्रवाल, मौसम माली, विनायक माली सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में विद्या भारती मालवा के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा भी नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का स्वागत किया गया। भोपाल जाते समय टोल टैक्स के समीप महालक्ष्मी ग्रेनाइट एंड टाइल्स पर महेश राठौर के नेतृत्व में चुनरी व पुष्प मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान शिक्षक अशोक ओम प्रकाश राठौर, भीम सिंह आचार्य पांदा जागीर, दिनेश राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, आनंद सिंह ठाकुर, संजय गुर्जर, सोनू गुर्जर टोंककला, भगवान सिंह चंदेल, जीवनसिंह ठेकेदार, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, बालू सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## नेवरी फाटा उपार्जन केंद्र पर किसानों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



देवास-भोपाल स्टेट हाईवे स्थित नेवरी फाटा के बोलासा सोसाइटी उपार्जन केंद्र पर सोमवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। तुलाई व्यवस्था में अव्यवस्था और मनमानी के आरोप लगाते हुए किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर खड़ी कर चक्काजाम कर दिया। कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।किसानों ने उपार्जन केंद्र के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि बाद में आने वाली ट्रॉलियों की पहले तुलाई की जा रही है, जबकि कई किसान पिछले चार दिनों से अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर लाइन में खड़े हैं।

किसानों का कहना था कि तुलाई प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और कुछ लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।किसान मेहरवानसिंह बड़वाया ने आरोप लगाया कि रविवार को भी वेयरहाउस पर मनमाने तरीके से अपने खास लोगों के ट्रैक्टरों की तुलाई करवाई गई, जबकि उनकी ट्रॉली कई दिनों से कतार में लगी हुई है। किसानों ने नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी तुलाई व्यवस्था लागू करने की मांग की।

हंगामे और जाम की सूचना मिलते ही जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार अहिरवार, सोनकच्छ तहसीदलार नेहा शाह, नायब तहसीलदार भौरासा हर्षल बहरानी पटवारी तथा पुलिस सहायता केंद्र की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन और पुलिस ने किसानों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी तथा काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। आंदोलन समाप्त होने के बाद उपार्जन केंद्र पर पुनः तुलाई कार्य सुचारु रूप से शुरू कराया गया। मामले में जिला आपूर्ति अधिकारी अहिरवार का कहना है कि उपार्जन केंद्र लगभग भर गया है जिसकी वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है खाली वेयर हाउस में अनाज शिफ्ट किया जाएगा जिससे कि किसानों को किसी तरह की समस्या न हो।

### भागवत कथा में गूंजी मधुर वाणी, श्रद्धालु भावविभोर हुए

# घर में धन नहीं, धर्म को मुख्य बनाइए: पं. गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा





ग्राम नयापुरा में कालीसिंध नदी तट स्थित निर्मल वाटिका में आयोजित श्री शनि नवग्रह मंदिर एवं भूतेश्वर महादेव अचल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित गोविंद जाने ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मालवी भाषा में कथा का रसपान कराते हुए पंडित गोविंद जाने ने कहा कि "जिस दिन मनुष्य की वाणी राममय बन जाएगी, उस दिन उसका शरीर भी मंदिर बन जाएगा।" उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपनी वाणी मधुर, निर्मल और संयमित रखनी चाहिए। शबरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उसकी जिह्वा पर केवल राम नाम था, इसी कारण उसे भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि वाणी ही संबंध बनाती और बिगाड़ती है। महाभारत का उदाहरण देते हुए बताया कि कटु वाणी के कारण ही बड़ा विनाश हुआ था। आज भी परिवारों और समाज में विवादों की जड़ गलत वाणी ही बनती है। यदि वाणी मधुर हो तो बड़े से बड़ा विवाद भी समाप्त हो सकता है। कथा के दौरान उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि घर-परिवार में बच्चों को अच्छे संस्कार और मधुर वाणी का वातावरण देना चाहिए।

वाणी में सत्य, विश्वास और प्रेम होना चाहिए। अभिमानयुक्त वाणी जीवन को बिगाड़ देती है, जबकि विनम्रता जीवन को सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि "घर में धन नहीं, धर्म को मुख्य बनाइए, तभी जीवन धन्य होगा।" लोभ, मोह और लालच को त्यागकर धर्म की विजय का संदेश भी उन्होंने श्रद्धालुओं को दिया। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूब गया। इधर यज्ञाचार्य पंडित संजय शर्मा के सान्निध्य में आयोजित नवकुंडात्मक महायज्ञ में प्रतिदिन 42 यजमान आहुतियां दे रहे हैं। सोमवार को व्यासपीठ की आरती राधेश्याम कंठली एवं राजेश कंठाली द्वारा की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ तथा आयोजन समिति द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पाटीदार ने किया।

## पीएम मानधन योजना अंतर्गत पंचायत में ग्रामसभा की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पीएम मानधन योजना के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में श्रम विभाग अंतर्गत 18-40 वर्ष आयु के सभी महिला पुरुष सीएससी सेंटर पर पीएम मानधन योजना में पंजीयन करा सकते हैं। इस उद्देश्य को लेकर ग्राम पंचायत छतरपुरा में सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, सचिव सागर चौहान की उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी दी । सरपंच पाटीदार ने बताया कि योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को मिलने के उद्देश्य को लेकर सभा का आयोजन किया गया। रोजगार सहायक सचिव नंदकिशोर पाटीदार ने बताया कि ग्राम सभा के दौरान वन अधिकार पट्टो के लिए 5 आवेदन आए हैं। इस दौरान सभी पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए आवेदन आमंत्रित, 10 जून तक साइटेशन जमा करें

**ललितपुर।** विगत वर्षों की भांति गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2027 को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। आगामी वर्ष 2027 हेतु भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरुप विभिन्न क्षेत्रों यथा कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, सिविल सेवा, खेल एवं अन्य में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट, योगदान एवं सेवा से सम्बंधित महानुभाव/महानुभावों के बारे में संस्तुतियां राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। अतः उक्त क्षेत्रों से सम्बंधित महानुभाव अपना साइटेशन दो प्रतियों में समस्त वांछित संलग्नकों सहित 10 जून तक जिला सूचना कार्यालय में उपलब्ध करा दें। साइटेशन राईटअप के रूप में (अधिकतम 800 शब्द/5000 अक्षर) होना चाहिए।

### नदीपुरा में सट्टा खिलाते युवक को रंगे हाथ दबोचा

**ललितपुर।** जनपद में अवैध जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नदीपुरा क्षेत्र से एक युवक को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नकदी और सट्टा पर्ची बरामद कर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 10 मई को दोपहर करीब 1.30 बजे उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नदीपुरा स्थित पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति लोगों से रुपये लेकर अवैध रूप से सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को मौके से दबोच लिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम नदीपुरा निवासी शरीफ पुत्र स्व.कल्लू बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 460 रुपये नकद तथा एक सट्टा पर्ची बरामद हुई, जिस पर अंकों के साथ दांव पर लगाए गए रुपयों का विवरण अंकित था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अंकों पर रुपये लगवाकर सट्टा खिलाने का काम करता है। पुलिस ने आरोपी शरीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मदर्स डे पर पक्षियों के लिए रखे सकोरे

**विदिशा।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में भारत भारती जैन मंडल द्वारा पक्षियों के जल पात्र सकोरे वितरित किए गए। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया यह पुनीत कार्य 19 वर्षों से भीषण गर्मी में पक्षियों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। इस वर्ष नवरात्रि और गुडी पड़वा से जलपात्रों का वितरण प्रारंभ किया गया। इस दौरान मंडल की सदस्य नीता सराफ, सपना जैन, विभा जैन, नीतू जैन, महक सराफ, निकिता जैन, मास्टर अरिंजय सराफ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### कुआ-बावड़ी सफाई, जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**नटेरन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था कृष्णा ग्राम उद्यान शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति, डंगरबाड़ा के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण में कुआ-बावड़ी सफाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनपद उपाध्यक्ष नीलेश किरार ने कुएं की सफाई कर जल पूजन किया और उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

### जब्त बाइक चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** लटेरी में वन विभाग परिसर से जब्त बाइक चोरी करने वाले आरोपी मदनखेड़ी निवासी नसीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात नसीम ने बाइक चोरी की थी। यह बाइक वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में जब्त की थी। रविवार दोपहर थाना प्रभारी जय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी का लटेरी बाजार में जुलूस निकाला। इस दौरान भीड़ जमा हो गई।

## अशोक जैन की मृत्यु प्रकरण में डीएम ने लिया एक्शन

# सीएमओ व एसडीएम को टीम बनाकर जांच कर दोषियों पर एफआईआर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सोमवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अपने दैनिक जनसुनवाई में दूर दराज से आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके पर ही सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित कर शिकायतों का निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी आम नागरिक को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, कोई भी अराजक तत्व उनकी स्वतंत्रता को बाधित न कर पाये, साथ ही उन्हें किसी भी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन की यह जिम्मेदारी है कि वह हर नागरिक को यह सुविधाएं मुहैया करायें। इसके लिए जरुरी है कि हर अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में निर्धारित समय पर जनसुनवाई करें और यह सुनिश्चित करे कि लोगों को शान्तिपूर्ण वातावरण में जीवन यापन में कोई समस्या न हो और यदि किसी को कोई समस्या है तो ऐसी समस्याओं का समाधान शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर हो।

सोमवार को जिलाधिकारी के समक्ष कई प्रकरण संज्ञान में आये, जिनमें से मुख्यतः निकेतन चौधरी, ममता जैन, आशीष जैन, प्रीति जैन, अंकिता जैन व जया जैन ने बिदुआ कॉलोनी तालाबपुरा निवासी उनके चाचा अशोक जैन के स्वास्थ्य खराब होने पर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बिना कोई उपचार दिये रेफर कर देने, खराब व्यवस्थाओं, चिकित्सक का न होना तथा रेफर कर देने की स्थिति में प्राईवेट एंबुलेंस चालक द्वारा पूरा पैसा लेने के बाद भी मरीज का ऑक्सीजन चालू न करने के कारण मरीज की मृत्यु हो जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरत रुख अपनाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उप जिलाधिकारी सदर की संयुक्त जांच टीम बनाकर 7 दिवस के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने और जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराकर कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिये, साथ ही चिकित्सालय के आसपास अनाधिकृत व मानक विहीन एम्बुलेंसों को हटवाने के मुख्य चिकित्स अधिकारी को निर्देश दिये गए।

इसी प्रकार तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत धबारी के ग्राम प्रधान मठोले तनय सरू ने बताया कि उनके द्वारा सरकारी कोटे के वितरण हेतु भवन का निर्माण कराया जा रहा था, जो लगभग 4 फीट दीवारों तक हो चुका था, परन्तु विपक्षीगणों ने उक्त निर्माण कार्य रुकवाकर दीवारें तोड़ दी और उन्हें व लेबर और कारीगरों को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी, इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को प्रकरण का संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

तहसील महरौनी के ही ग्राम बानपुर निवासी चतरे तनय गुटई ने उन्हें आवंटित गाटों की लेखपाल व कानूनगो द्वारा नाप न करने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। विकास खण्ड जखौरा के ग्राम बुढ़वार निवासी व्रजभान सिंह तनय कडोरे ने गांव की सहरिया बस्ती में खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत कराकर आपूर्ति सुचारू कराने का अनुरोध किया, इस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी जखौरा को तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

## सुम्मेरा तालाब बदहाल

# सख्त हुईं नपाध्यक्ष, 2 दिन में खरपतवार हटाने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर की ऐतिहासिक धरोहर एवं आस्था के प्रमुख केन्द्र सुम्मेरा तालाब की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को लेकर नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तालाब परिसर, घाटों और आसपास की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में पाया गया कि तालाब के पानी में भारी मात्रा में खरपतवार जमा होने से जल की स्वच्छता प्रभावित हो रही है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा पूजन सामग्री प्रवाहित किए जाने के कारण घाटों पर गंदगी भी देखी गई। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से घाटों की विशेष सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने तालाब में फैले खरपतवार को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लिपिक को निर्देशित किया कि हर हाल में आगामी दो दिनों के भीतर समस्त खरपतवार हटाने की कार्रवाई पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पडने पर अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती कर अभियान चलाया जाए, ताकि कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि सुम्मेरा तालाब नगर की पहचान और श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, इसलिए इसकी स्वच्छता और सौंदर्य बनाए रखना पालिका की प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने शहरवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की कि तालाब में पूजन सामग्री और अन्य कचरा न डालें तथा इस धरोहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, हितेन्द्र रैकवार सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाल सुरक्षा और मानव तस्करी रोकथाम पर पुलिस की कार्यशाला

# गुमशुदा बच्चों, बाल विवाह, बाल श्रम व पॉक्सो मामलों को लेकर चुनौतियों पर चर्चा की गई



**ललितपुर।** जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) एवं एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा एएसपी (नोडल अधिकारी) कालू सिंह की उपस्थिति एवं पर्यवेक्षण में किया गया। बैठक में जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा जारी एसओपी, बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की जांच, थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों के कार्यों एवं उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर अपराध, एससी/एसटी एक्ट और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम 2015, पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों और हालिया संशोधनों पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पॉक्सो से जुड़े मामलों में अभियोग दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सूचना देना सुनिश्चित करें। इसके अलावा फार्म ए, बी एवं एसबीआर रिपोर्ट समय से संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जनपद में दर्ज गुमशुदा बच्चों के लंबित मामलों और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत मुकदमों की समीक्षा की गई। साथ ही बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान बाल कल्याण समिति, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, चाइल्ड लाइन, किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस संस्था, वन स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# अहमदाबाद के दंपती सनातन धर्म के प्रचार के लिए 11,600 किमी की पदयात्रा पर निकले

## बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन को निकले, अब तक 8 के कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और देश के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के संकल्प के साथ गुजरात के अहमदाबाद निवासी नवदंपति 25 वर्षीय नीलेश राजानी एवं 24 वर्षीय सोनिया राजानी इन दिनों देशव्यापी पदयात्रा पर हैं।

दोनों केदारनाथ धाम से यात्रा प्रारंभ कर लगभग 11 हजार 600 किलोमीटर की पैदल यात्रा के माध्यम से देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का संकल्प लेकर निकले हैं। अब तक करीब नौ माह की यात्रा में दोनों लगभग साढ़े नौ हजार किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर चुके हैं और आठ ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर चुके हैं। शेष चार ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने के लिए दोनों अगले पांच माह तक यात्रा जारी रखेंगे और अक्टूबर माह तक संकल्प पूरा करने का लक्ष्य है। मध्य प्रदेश के सागर शहर से होते हुए शनिवार को दोनों ललितपुर पहुंचे, जहां रावतयाना कैलगुवा रोड स्थित गोपीचंद डोडवानी के आवास पर उनका फूल-मालाओं और केसरिया दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नीलेश और सोनिया ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 40 से 50 किलोमीटर पैदल चलते हैं, जिसमें करीब सात घंटे का समय लगता है।

उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र स्थित भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के कपाट 31 मई तक बंद हैं, इसलिए वह पुनः केदारनाथ जा रहे हैं और 2 जून को वहां पहुंचकर दर्शन करेंगे। दंपति ने बताया कि उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा में अयोध्या निवासी सिंधु एकता मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश महासचिव ओमप्रकाश ओमी का विशेष सहयोग मिल रहा है। अब तक वह देश के विभिन्न शहरों में 175 सिंधी परिवारों के यहां ठहर चुके हैं। ललितपुर से दोनों अपनी अगली पदयात्रा के लिए तालबेहट रवाना हुए। इस दौरान गोपीचंद डोडवानी, रायचंद डोडवानी, राकेश चंदानी, हरविंदर सलूजा, डा. दीपक चौबे, विनोद खत्री, राजीव पटवारी, विनिता डोडवानी, वंशिका डोडवानी सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

## मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार

# हिस्ट्रीशीटरों और दबंगों पर अवैध कॉलोनी काटकर जमीन कब्जाने मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाया



**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी सौरभ जैन पुत्र कोमलचंद्र ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कुछ कथित हिस्ट्रीशीटरों और दबंगों पर अवैध कॉलोनी काटने, जमीन पर कब्जा करने तथा विरोध करने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता सौरभ जैन ने बताया कि उनकी माता मीना जैन एवं बहन अनामिका जैन के नाम मोहल्ला तालाबपुरा में आवासीय भूखंड स्थित है। आरोप है कि उक्त भूमि पर कब्जा करने की नीयत से कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उक्त लोग अवैध तरीके से कॉलोनी काटकर जमीनों का कारोबार कर रहे हैं और विरोध करने वालों को धमकाने के साथ उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज करा देते हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उनकी माता मीना जैन और बहन अनामिका जैन (परिजन) मौके पर पहुंचकर विरोध करने पहुंचे तो उनके खिलाफ भी फर्जी प्रार्थना पत्र देकर मुकदमे दर्ज कराने की कोशिश की गई। सौरभ जैन ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लोगों के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, इसके बावजूद राजनीतिक संरक्षण के चलते उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दर्ज मुकदमों की समीक्षा की जाए तथा अवैध कब्जा और दबंगई करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शहर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और अब लोगों की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है।

# दुकान पर युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी नांगल में किराने का सामान खरीद रहे एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम बम्हौरीनांगल निवासी प्रान सिंह ने बताया कि 8 मई को दोपहर करीब 1 बजे वह ललितपुर से अपने गांव वापस लौट रहा था। रास्ते में हाईवे के नीचे स्थित साहू की किराना दुकान पर वह घरेलू सामान खरीद रहा था। इसी दौरान गांव का ही निवासी राजा यादव वहां पहुंचा और बिना किसी बात के अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी आगबबूला हो गया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा होने पर आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी राजा यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# रास्ते में रोककर 20 हजार मांगे, विरोध करने पर घर में घुसकर हमला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम अमरपुर में युवक के साथ मारपीट, रंगदारी मांगने और घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने 9 नामजद आरोपियों समेत 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम अमरपुर निवासी संजू राजा पुत्र भगवान सिंह ने बताया कि 9 मई को शाम करीब 4 बजे वह ललितपुर से वापस अपने गांव लौट रहा था। मेडिकल कॉलेज के पास गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और उससे 20 हजार रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि किसी तरह जान बचाकर वह अपने घर पहुंचा, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और दरवाजा-खिड़की तोड़कर घर में घुस आए। आरोपियों ने घर के अंदर मारपीट की और बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी अभद्रता और हमला किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कमल यादव पुत्र तिलक यादव, गब्बर यादव, अभिषेक यादव, दल पुत्र तिलक, बादाम सिंह यादव, रामेश्वर यादव, भान सिंह, रामजीवन समेत अन्य आरोपियों और 5 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया

# एसपी ने कानून व्यवस्था बनाने कई थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदल दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार चार निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गये हैं। एसपी मो.मुश्ताक के आदेशानुसार निरीक्षक मनोज मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना मड़ावरा बनाया गया है। वहीं निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा को थाना मड़ावरा से प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक थाना पूराकला से स्थानांतरित कर थाना बार का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक अजमेर सिंह भदौरिया को थानाध्यक्ष बार से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष पूराकला बनाया गया है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। नई तैनाती के बाद अधिकारियों से क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शिवालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

# मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, प्रवचन, भजन संध्या, कलश यात्रा निकाली

### शासन में आयोजित कार्यक्रमों का दिखाया गया लाइव टेलीकास्ट



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ के ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व पर भक्तिपूर्ण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जनपद, तहसील, ब्लॉक व नगर निकायों में भव्यतापूर्ण तरीके से कराया गया, इस अवसर पर जनपद के शिवालयों (शिव मन्दिरों) में मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, महाआरती, रूद्राभिषेक, दीपोत्सव, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन, भजन संध्या आदि कार्यक्रम जनभागीदारी के साथ आयोजन कराया गया और कलश यात्रा भी निकाली गई। उक्त के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ एवं नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन की उपस्थिति में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य नागरिकों ने लाइव महाआरती व रुद्राभिषेक देखा और शासन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लिया। सोमनाथ के ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। आयोजन हेतु जिलाधिकारी ने जनपद, तहसील, नगर पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए शासन के निर्देशानुसार अधिक से अधिक जनसहभागिता में साथ कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए थे, जिसके क्रम में उक्त व्यवसथानुसार जनपद के शिवालयों (शिव मन्दिरों) में मंत्रोच्चार, ओंकार जाप, महाआरती, रूद्राभिषेक, दीपोत्सव, सोमनाथ संकल्प संवाद, प्रवचन, भजन संध्या आदि के कार्यक्रम कराये गए। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने सुमेरा तालाब स्थित शिवालय पर पूजा अर्चन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और भजन आरती में शामिल हुए। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, पर्यटन मित्र फिरोज डायमंड व अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

मामला फरियादी की बहू को भगाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं करने पर एसपी से हुई शिकायत

# एसपी से शिकायत के बाद सुठालिया थाना में पदस्थ आरक्षक ने फरियादी को धमकाया!

बोला- शिकायत वापस ले ले तेरे जैसे 50 आते हैं पुलिस का तू कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता, न्याय के लिए भटक रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सुठालिया

सुठालिया पुलिस थाना में एक आरक्षक द्वारा फरियादी को धमकाने का मामला सामने आया है। फरियादी ने अपनी बहू को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके द्वारा परिवार को धमकाने के दोहरे मामले में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ और थाना प्रभारी सुठालिया को अलग-अलग आवेदन देने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है।

**एसपी और टीआई सुठालिया को दिए आवेदन**

### पिता ने एसपी से लगाई थी गुहार

सुठालिया के वार्ड 5 सिलावट मोहल्ला निवासी हेमराज पिता मुरलीधर सोनी 65 वर्षीय ने 8 मई 2026 को एसपी राजगढ़ को आवेदन देकर बताया था कि उनके बेटे की पत्नी को ग्राम खुंचनी निवासी मनोज पिता रूपसिंह मीणा 8 से 10 हजार रुपये नकद व गहने लेकर भगा ले गया। इस काम में मोहन पिता रामदयाल और मिलन पिता हेकमसिंह भी शामिल हैं। उक्त लोगों पर सुठालिया पुलिस द्वारा कार्रवाही नहीं की जा रही है। इससे पहले भी महिला का पति थाना प्रभारी को आवेदन दे चुका है।




थाने में आरक्षक ने कहा 181 पर शिकायत करने पर बोले गंदे शब्द

पीड़ित हेमराज का आरोप है कि जब वह कार्रवाई के लिए थाने पहुंचे तो वहां पदस्थ आरक्षक आशीष दुबे ने उन्हें डराया-धमकाया। आरक्षक ने कहा, तेरे जैसे 50 लोग रोज शिकायत करते हैं। तुम हमारा कुछ... नहीं उखाड़ सकते। चुपचाप शिकायत कटवा ले। पुलिस का कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। पीडित का कहना है कि पुलिस का यह रवैया देखकर वह सहम गया है। एफआईआर की जगह उसे शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

### दो आवेदन, पर कार्रवाई शून्य

परिवार का आरोप है कि बेटे ने 5 अप्रैल को थाना प्रभारी को और पिता ने 8 मई को एसपी को आवेदन दिया, लेकिन एक महीने बाद भी न तो एफआईआर दर्ज हुई और न ही बहू की बरामदगी के प्रयास किए गए। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

### सुनवाई नहीं हुई तो एसपी कार्यालय के सामने देंगे धरना

पीड़ति परिवार ने वरिष्ठ अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेकर आरोपियों मनोज मीणा, मोहन और मिलन पर अपहरण व धमकी का केस दर्ज करने, बहू की दस्तयाबी कराने और धमकी देने वाले आरक्षक आशीष दुबे पर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वे एसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठेंगे।

### जांच कराई जाएगी...

मामले में गुमशुदगी दर्ज है, जिसकी जांच चल रही है, फरियादी ने आरक्षक पर जो आरोप लगाया है, उसका प्रमाण हमें उपलब्ध करवाए उसकी भी जांच कर कार्रवाही की जाएगी।
**-अनिल राहोरिया, थाना प्रभारी सुठालिया।**

# खंभे पर हाईमास्ट लाइट लगाने के दौरान युवक करंट से झुलसा, शाजापुर रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम पंचायत पाडल्या माता में हाईमास्ट लाइट लगाने के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पाडल्या माता द्वारा पंचायत क्षेत्र में विद्युत खंभों पर हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य लगभग 8 लाख 50 हजार रुपए की लागत से ठेके पर दिया गया है। शनिवार को ठेकेदार के कर्मचारी विद्युत पोल पर चढ़कर लाइट लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान कर्मचारी राजा पिता अंतर सिंह निवासी सागर अचानक करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद मौजूद लोगों ने तत्काल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव पुखराज नागर ने बताया कि पंचायत द्वारा हाईमास्ट लाइट लगाने का ठेका बाहर की कंपनी को दिया गया है। ठेकेदार के कर्मचारियों ने विद्युत विभाग को बिना सूचना दिए ही चालू लाइन के दौरान खंभे पर चढ़कर कार्य शुरू कर दिया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

### अनुमति नहीं ली...

ठेकेदार द्वारा लाइन बंद कराने के लिए विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। बिना परमिशन के ही कर्मचारी खंभे पर चढ़कर कार्य कर रहे थे, जिससे यह दुर्घटना हुई।
**-नरेंद्र कुमार गायरी, जेई विद्युत विभाग पाडल्यामाता।**

# समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्यपाल के हाथों सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़


समाज सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में विगत दिनों विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भवन नेहरू नगर भोपाल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा राजगढ़ के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा को "उत्कृष्ट सेवा सम्मान" स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

यह सम्मान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला राजगढ़ द्वारा समाज हित में किए जा रहे उल्लेखनीय एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों के लिए प्रदान किया गया। श्री शर्मा द्वारा नरसिंहगढ़ में पोस्टमार्टम रूम के बाहर मरीजों एवं परिजनों की सुविधा हेतु परिजन विश्राम स्थल का निर्माण करवाया गया। नगर में मरचुरी फ्रीजर मंगवाया गया। इसके अतिरिक्त आशा धाम वृद्धाश्रम में कमोड शौचालय निर्माण कार्य भी करवाया गया, जिससे वहां निवासरत बुजुर्गों को सुविधा प्राप्त हो रही है। साथ ही वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों को उज्जैन महाकाल दर्शन करवाने हेतु विशेष यात्रा का आयोजन भी किया गया। वहीं समाज के एक जरूरतमंद किडनी मरीज को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर उसका सफल किडनी ट्रांसप्लांट करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

इसके साथ ही समाज के कई शोषित, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर आर्थिक सहायता एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया, जिससे अनेक परिवारों को राहत मिली। शर्मा ने इस सम्मान को समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी, समर्पण एवं सेवा भावना को और अधिक मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला राजगढ़ की पूरी टीम, समाजसेवियों एवं सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी प्रदेश सचिव रामेंद्र सिंह एवं चेयरमैन एस.एस. कुमरे, भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जेस्टिन के जोसेफ डब्ल्यूएमएफ के राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किए

डब्ल्यूएमएफ (विश्व मलयाली संघ) की 168 शाखाएं संचालित हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

स्थानीय होली एंजल्स स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य जेस्टिन के जोसेफ को डब्ल्यूएमएफ (विश्व मलयाली संघ) का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई दी है। डब्ल्यूएमएफ विश्व का एक प्रमुख प्रवासी संगठन है, जिसकी इकाइयां 168 देशों में संचालित हैं। संगठन दान, जलवायु एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सरोकारों, बचाव एवं मानवीय सहायता तथा शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करता है। साथ ही विदेशों में रहने वाले भारतीयों की सहायता और सहयोग के लिए भी यह संस्था सक्रिय रूप से कार्यरत है।

डब्ल्यूएमएफ का मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित है। संगठन की स्थापना वर्ष 2016 में डॉ. प्रिंस पल्लिकुनेल द्वारा की गई थी, जो वर्तमान में इसके संस्थापक अध्यक्ष हैं। जानकारी के अनुसार, हाल ही में दुबई में आयोजित डब्ल्यूएमएफ इंडिया परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में वैश्विक अध्यक्ष डॉ. जे. रत्नकुमार, वैश्विक अध्यक्ष डॉ. एनी लिबू सहित अन्य वैश्विक कैबिनेट सदस्यों की सहमति एवं परामर्श के बाद जेस्टिन के जोसेफ को राष्ट्रीय समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री जोसेफ ने इस नियुक्ति पर संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप समाज सेवा, शिक्षा और मानवीय कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# गांधी चौक में नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण, मंत्री टेटवाल ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के गांधी चैक स्थित पुराने जनपद पंचायत भवन परिसर में रविवार को नवीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना एवं भूमिपूजन किया गया।

राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भूमि पूजन कर परियोजना की शुरुआत की। यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सारंगपुर के व्यापारिक और शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि सारंगपुर को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित नगर के रूप में विकसित करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष देननारायण नागर, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,एसडीएम रोहित बम्होरे,सीईओ सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# राजस्व समीक्षा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

### नरवाई प्रबंधन और जल आपूर्ति पर विशेष फोकस




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभागों के कार्यों की समीक्षा की। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों की प्रगति पर चर्चा की गई।

सबसे पहले नरवाई प्रबंधन के संबंध में गत वर्ष की कार्यवाही की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि किसानों को जागरूक करने, फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों की उपलब्धता और नरवाई जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु अभियान चलाया गया था। कलेक्टर ने आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए अभी से कार्ययोजना तैयार करने और किसानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के निर्देश दिए। जनगणना कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने समय-सीमा में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने को कहा। मैदानी अमले के प्रशिक्षण और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देश दिए । गर्मी को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने पर जोर दियाा। संभावित जलसंकट वाले क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था और खराब हैंडपंप व पाइपलाइन सुधार को प्राथमिकता देने कहा गया। लंबित मामलों के त्वरित निराकरण और नियमित शिविर आयोजन के निर्देश दिए गए।

जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, तालाबों के जीर्णोद्धार और जनभागीदारी आधारित गतिविधियों की समीक्षा की गई।

# नए आरक्षकों से पुलिस को मिलेगी राहत, भर्ती शुरू

जिले के 25 थानों लगभग 1 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 500 पद रिक्त पड़े

पहले दिन 110 युवाओं को बुलाया, आंखों की जांच, ऊंचाई, वजन समेत अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में पुलिस बल की कमी दूर होने की उम्मीद है। वर्ष 2025 की पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 293 नए आरक्षकों को विदिशा जिले के लिए आवंटित किया गया है।

शनिवार से पुलिस लाइन में इन नवआरक्षकों के मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन 110 चयनित युवाओं को बुलाया गया, जिनकी आंखों की जांच, ऊंचाई, वजन समेत अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। मेडिकल परीक्षण से पहले गुरुवार को सभी चयनित आरक्षकों के दस्तावेजों का सत्यापन किया गया था। इन दोनों प्रक्रियाओं के पूरा होने के बाद उन्हें प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। लगभग एक साल की ट्रेनिंग के बाद ही उनकी विभिन्न थानों में फील्ड पोस्टिंग की जाएगी। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मेडिकल परीक्षण के बाद नवआरक्षकों को प्रशिक्षण के लिए रवाना किया जाएगा। वर्तमान में विदिशा जिले के 25 थानों और अन्य इकाइयों में लगभग 1 हजार पुलिसकर्मी तैनात हैं। हालांकि, स्वीकृत पदों में से करीब 500 पद अभी भी खाली पड़े हैं। ऐसे में इस नई भर्ती से जिले की पुलिस व्यवस्था को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

शादी का वादा करके अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक शोषण करने का आरोप

# जीवन साथी की तलाश करने में दो युवतियों को मिला धोखा, दो अलग अलग मामलों में दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज, पुलिस अमला जांच में जुटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सारंगपुर

जिले में दो युवतियों को अपना जीवन साथी चुनने की तलाष में धोखा मिलने का मामला सामना आया है। दो युवतियों के साथ दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में आरोपियों पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पहला मामला करनवास थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार फरियादिया, निवासी ब्यावरा, ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पहचान लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम देदला निवासी देवकरण गुर्जर से हुई थी।




दोनों के बीच दोस्ती होने के बाद आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाया। पीड़ता का आरोप है कि 7 अक्टूबर 2025 को आरोपी उसे सारंगपुर स्थित होटल मातृछाया में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी अलग-अलग होटलों में बुलाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा तथा शादी की बात टालता रहा। महिला ने बताया कि 11 अप्रैल 2026 को भी आरोपी ने होटल में बुलाकर संबंध बनाए और बाद में शादी से इंकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। करनवास थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 390/26 पर धारा 69, 351(3) बीएनएस एवं एससी-एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरा मामला सारंगपुर थाना क्षेत्र का है। गणेश बिहार कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुदर्शन नगर निवासी मनोज सोनी ने उससे शादी का वादा किया और मांग में सिंदूर भरकर पति-पत्नी की तरह संबंध बनाए। पीड़ता का आरोप है कि आरोपी लगातार उसके घर आता रहा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। 3 मई 2026 को भी आरोपी ने उसके साथ जबरन संबंध बनाए। बाद में आरोपी ने विवाह से साफ इंकार कर दिया। इस मामले में सारंगपुर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 388/26 पर धारा 69 बीएनएस एवं एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### इनका कहना है

पुलिस द्वारा दोनों मामलों में पीड़िताओं के बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं तथा निष्पक्ष जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।
**-राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी सारंगपुर।**